# 6. मानव   पर्यावरण अन्योन्यक्रिया

अभ्यास

प्रश्न : 1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये –

(i) उस महाद्वीप के नाम बताएँ जो अमेज़न बेसिन में स्थित हैं|

उत्तर : दक्षिण अमेरिका |

(ii) अमेज़न बेसिन के लोग कौन – सी फसलें उगाते हैं?

उत्तर : खाद्य फसलें – टेपियोका , अनन्नास , शकरकंद , मैनियोक |

नगदी फसलें – कॉपी , मक्का , एवं कोको |

(iii) अमेज़न के वर्षावन में कौन-से पक्षी पाए जाते हैं?

उत्तर : (i) टूकन , (ii) गुंजन पक्षी ,(iii) रंगीन पंखो वाले पक्षी एवं (iv) भोजन के लिए बड़ी चोंच

वाले पक्षी |

(iv) गंगा नदी के तट पर कौन – से प्रमुख शहर स्थित हैं?

उत्तर : (i) इलाहाबाद, (ii) कानपूर, (iii) वाराणसी, (iv) लखनऊ, (v) पटना और (vi) कोलकाता |

(v) एक सिंह वाले गैंडे कहाँ पाए जाते हैं?

उत्तर : ब्रह्मपुत्र के मैदानों में (असम)|

प्रश्न : 2 सही उत्तर पर सही का निसान लगाइए |

(i) टूकन क्या हैं?

उत्तर : (क) पक्षी

(ii) मैनियोक यहाँ का मुख्य भोजन हैं

उत्तर : (ग) अफ्रीका

(iii) कोलकाता किस नदी के तट पर स्थित हैं?

उत्तर : (ख) हुगली

(iv) देवदार एवं फर किसके प्रकार हैं?

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

उत्तर : (क) शंकुधारी वृक्ष

(v) बंगाल टाईगर कहाँ मिलते हैं?

उत्तर : (ख) डेल्टा क्षेत्रो में

प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए –

(i) सूती कपड़े (क) असम

(ii) मलोका (ख) रेशम कीटपालन

(iii) पिरान्या (ग) ढालू छत

(iv) रेशम कीट (घ) गंगा के मैदान

(v) काजीरंगा (ड.) मत्स्य

उत्तर : (i) (घ)

(ii) (ग)

(iii) (ड.)

(iv) (ख)

(v) (क)

प्रश्न : 4 कारण बताइए –

(i) वर्षा वन लुप्त हो रहे हैं|

उत्तर : विकास की गतिविधियों हेतु वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण वर्षा वन लुप्त हो रहे हैं|

(ii) गंगा – ब्रह्मपुत्र के मैदानों में धान की कृषि होती हैं|

उत्तर : धान की कृषि के लिए पर्याप्त जल की आवश्यकता होती हैं| इस क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती हैंतथा यहाँ पर नदियों का घना जाल हैंजहाँ से धान के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो जाता हैं|

https://www.evidyarthi.in